तापमान
अधिकतम 46.6 डिग्री
न्यूनतम 26.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 12 जून, 2025

12 तंदवाल में मिनी बस को रोक ग्रामीणों ने जताया विरोध

12 फिट रहने के लिए योग को करें जीवन में शामिल


## खबर संक्षेप

### ससुराल में पिटाई के बाद की युवक ने आत्महत्या

**करनाल।** ससुराल में पिटाई से परेशान युवक ने सुसाइड कर लिया। वह अपने दोनों बच्चों से मिलने के लिए ससुराल पहुंचा था। वहां ससुरालवालों ने उसे पीटकर भगा दिया। मंगलवार रात घर आकर उसने घर के सामने पेड़ पर फांसी लगा ली। युवक का आरोप है कि भाई ने लव मैरिज की थी। फिर भी उसकी पत्नी का किसी दूसरे युवक से अफेयर है। वह उसी के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही है। वहीं, पत्नी ने पति पर प्रताडन्ना के आरोप लगाए हैं और खुद को पीड़ित बताया है। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया है और पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों ने आरोपी बॉयफ्रेंड और पत्नी पर कार्रवाई की मांग की है।

### डी. फार्मेसी की परीक्षाएं 16 जून से होंगी आरंभ

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड के अधीन होने वाली डी फामेर्सी (डिप्लोमा इन फामेर्सी) की परीक्षाएं 16 जून से आरंभ होकर 25 जून तक चलेंगी। प्रदेशभर के सरकारी संस्थाओं के साथ निजी संस्थाओं के विद्यार्थी भी इन परीक्षाओं में शामिल होंगे। समस्त प्रदेश भर में 82 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें कुरुक्षेत्र जिले में इन परीक्षाओं को लेकर 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सरकारी पॉलीटेक्निक उमरी में जहां सरकारी पॉलिटेक्निक गांव उमरी में डॉ बी. आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट आफ फामेर्सी मथाना संस्थान के विद्यार्थी, ज्ञान गंगा पॉलिटेक्निक सलपानी खुर्द संस्थान, पॉलिटेक्निकल शिक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र किरमिच में एस के एस इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी संस्थान के विद्यार्थी, भारत इंस्टिट्यूट आफ फामेर्सी रुरकी में भारत इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी के विद्यार्थी भी शामिल होंगे।

### क्रिप्टो खरीद की ठगी मामले में पांच पकड़े

**पानीपत।** थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने डाहर गांव निवासी युवक से 100 क्रिप्टो यूएसडीटी खरीदने का झांसा देकर 11,995 क्रिप्टो यूएसडीटी ठगने वाले वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के पांच आरोपियों जीन्द के भम्भेवा गांव निवासी आरोपी मंदीप, आजादगढ़ कॉलोनी रोहतक निवासी संदीप उर्फ टोनी, गांव ढीगाना जिला जीन्द हाल राजीव कॉलोनी रोहतक निवासी पवन, सोनीपत के खानपुर गांव निवासी सावन व गामड़ी गांव निवासी दीपांशु को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम प्रभारी अजय ने बताया कि कोर्ट ने जहां सावन व दीपांशु को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया, वहीं आरोपी मंदीप, संदीप उर्फ टोनी व पवन को पुलिस ने तीन दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से ठगी गई क्रिप्टो यूएसडीटी बरामद करने का प्रयास करेंगी।

### केंद्रीय राज्यमंत्री ने 11 साल में मोदी सरकार की उपलब्धियों का किया जिक्र

# पीएम मोदी की 100 प्रतिशत संकल्प से सिद्धि की सरकार : कृष्णपाल गुर्जर

## देश के लोग भारत को विकसित बनाने के लिए तैयार

- यह कालखंड भारत के विकास के लिए मजबूत नींव रखेगा : ढांडा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**



अंबाला। मीडिया से बातचीत करते केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि मोदी की सरकार 100 प्रतिशत संकल्प से सिद्धि की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर उन्नति के पथ की ओर अग्रसर हो रहा है। उनके नेतृत्व में जो योजनाएं क्रियान्वित की गई है उन्हें धरातल पर लागू करने का काम किया गया हैं।

राज्यमंत्री बुधवार को अंबाला शहर के बीजेपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। राज्यमंत्री का यहां पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मेयर शैलजा सचदेवा, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, प्रदेश प्रवक्ता डॉ संजय शर्मा, रितेश गोयल, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता व अन्य ने अभिनंदन किया। गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत को मजबूत, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किए गए हैं।

देश के 140 करोड़ भारतीय लोग नरेंद्र मोदी के साथ विश्वास जताते हुए भारत को विकसित बनाने के लिए तैयार है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास व सबका प्रयास मूल मंत्र के साथ भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है वह साकार होगा। उन्होंने बताया कि पिछले 11 सालों में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। देश का ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जो विकास से अछूता रहा हो। तेजी से भारत आगे बढ़ रहा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में निरन्तरता में जो कार्य किए जा रहें है, उसे स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा तथा मोदी सरकार का यह कालखंड भारत के विकास के लिए मजबूत नींव रखेगा। सहकारिता राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए सबसे पहले राष्ट्र है, यह उनकी सोच में शामिल है। उनके नेतृत्व में तकनीक से तरक्की, भाजपा सरकार में सुशासन, गरीबों का कल्याण, शासन अब सेवा तथा सरकार की सहभागिता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है तो मुमकिन हैं। विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत अब चौथे स्थान पर आ गया है। वर्ष 2026 तक भारत जर्मन को पछाड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार, घोटालों का बोलबाला था। वर्तमान सरकार ने इन पर पूरी तरह से अंकुश लगाने का काम किया है। डिजिटल प्रक्रिया ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई हैं।

किसानों को उनकी फसलों की सीधी राशि ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से उनके खातों में ट्रांसफर की जाती हैं। करीब 1500 पुराने कानूनों को बदलने का काम किया गया हैं। आतंकवाद जैसे मामलों में युद्ध जैसी कार्रवाई की गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर इसका उदाहरण है। पिछले 11 सालों में लगभग 27 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने का काम किया गया हैं। सडक़ों व रेलवे का इंफ्रास्ट्रचर मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास अगले 50 सालों का विजन है। संकल्प से सिद्धि मूल मंत्र के साथ वह भारत को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ लोगों को आवास, 10 करोड़ महिलाओं को एलपीजी गैस सिलेंडर, 12 करोड़ शौचालयों की व्यवस्था के साथ-साथ पिछले 4 सालों में 15 करोड़ घरों में नल से जल की व्यवस्था, 55 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त ईलाज सुविधा मिली है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर जिला महामंत्री कर्मचंद गोल्डी, पूर्व जिला प्रधान जगमोहन लाल कुमार, मनोनित निगम सदस्य एडवोकेट संदीप सचदेवा, मंडल प्रधान बलाना गुरजंट सिंह, संजीव गोयल टोनी, गुरविंद्र सिंह मानकपुर, अमन सूद, मदनलाल शर्मा, अर्पित अग्रवाल व साहिल भी मौजूद रहे।

# मोदी के नेतृत्व में तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना भारत



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा।

- शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा ने केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर पत्रकारों को संबोधित किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष में देश 10वें स्थान से चौथे नंबर की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाया है। वित्त वर्ष 2024-25 में वस्तुओं और सेवाओं में 825 बिलियन डॉलर का रिकॉर्ड निर्यात दर्ज किया गया है। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) ने 1.61 लाख करोड़ निवेश, 14 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन, 5.31 लाख करोड़ रुपये का निर्यात और 11.5 लाख नौकरियां पैदा की गई हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 29.8 लाख करोड़ के आत्मनिर्भर भारत पैकेज से कोविड-19 के दौरान एमएसएमई और व्यवसायों को मदद मिली है। भारत में स्वीकृत पेटेंट की संख्या वर्ष 2014-15 में 5,978 से 17 गुना बढ़कर 2023-24 में 1,03,057 हुई है। शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का काम किया जाएगा।

**उपलब्धियां गिनाईं**

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा के मार्गदर्शन में केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। बैठक में जिस कार्यकर्ता को जो जिम्मेदारी दी जाएगी, उसका सभी पालन करेंगे और सरकार की नीतियों व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा।

# अज्ञात ने चैक चोरी कर निकाल लिए पांच लाख रुपये

- पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज
- आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर की गई रकम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी जसवंत राय ने अज्ञात व्यक्ति पर उसका चैक चोरी कर अकाउंट से पांच लाख रुपये निकालने का आरोप लगाया है।

यह पैसे आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर किए गए हैं। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति ने बैंक के अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके पैसे हड़पे हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जसवंत राय ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका शहर के प्यारा चौक स्थित यूको बैंक में अकाउंट है।

**बैंक के कर्मचारियों पर मिलीभगत का आरोप**

अज्ञात व्यक्ति ने वहां से उसका चैक चोरी करके रेलवे रोड स्थित एक अन्य बैंक के कर्मचारियों के साथ मिलीभगत करके पांच लाख रुपये की आरटीजीएस करवा ली। जब उसे इस बात का पता चला तो उसने बैंक कर्मचारियों व अधिकारियों से बात की। मगर उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

## प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की

- दोनों मृतक करनाल जिले के निवासी बताए गए

**पानीपत।** पानीपत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर बुधवार की सुबह करीब सात बजे एक युवक ने नाबालिग लड़की के साथ दिल्ली से अंबाला जा रही वंदे भारत ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। वहीं, लोको पायलट कुछ समझ पाता दोनों के शरीर के वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से परखच्चे उड गए।

इधर, जीआरपी की जांच में पता चला कि दोनों करनाल के एक क्षेत्र के निवासी थे और दोनों के बीच कथित रूप से प्रेम संबंध थे। दोनों अपने घरों से सोमवार की सुबह से लापता हो गए थे। लडकी के परिजनों की शिकायत पर करनाल जिला के एक थाने में लडके पर लडकी को गुमराह कर अपने साथ ले जाने के आरोप में केस दर्ज है। वहीं, करनाल पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी। दूसरी ओर, जीआरपी की जांच में यह भी पता चला कि दोनों दूर के रिश्तेदार है। मृतक की पहचान 19 साल के गौरव के रूप में हुई। जीआरपी ने दोनों की शिनाख्त कर घटना की जानकारी जहां मृतकों के परिजनों को दी, वहीं जीआरपी ने लडकी व लडके शवों के टुकडों को एकत्र किया और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों के बयान दर्ज किए और पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया। जीआरपी थाना के जांच अधिकारी सुरेंद्र ने बताया कि लडकी व लडके की मौत के मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# महिलाओं ने योग कर उठाया स्वास्थ्य लाभ

- योग से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं : सुजाता गुप्ता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**



करनाल। शिविर में योगाभ्यास करतीं महिलाएं।

केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय करनाल की पूर्व प्रचार्या एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुजाता गुप्ता की ओर महिलाओं को स्वस्थ रखने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए उन्हें योगाभ्यास करवाया जा रहा है।

बुधवार से चार दिवसीय निशुल्क योग शिविर की शुरूआत असमी योगा एंड वेलनेस स्टूडियो मॉल रोड में की गई। योग विशेषज्ञ मोहित राणा ने योग और प्राणयाम का अभ्यास करवाया। कैंप में लगभग 50 महिलाएं हिस्सा ले रही हैं, जोकि भारत विकास परिषद माधव शाखा, संस्कृति क्लब, सीजीसी व करनाल क्लब से जुड़ी हुई हैं। योग शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में माधव शाखा की वरिष्ठ सदस्य सुचेता गुप्ता ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि असमी योग एवं वेलनेस स्टूडियो की निदेशक गरिमा गुप्ता रहीं। इस मौके पर सुजाता गुप्ता ने कहा कि योग हमारे ऋषि मुनियों की देन है। शरीर को स्वस्थ रखने का योग सर्वोत्तम साधन है। महिलाओं को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। योग से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। तनाव से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि योग शिविर का आयोजन 14 जून तक किया जाएगा। इस अवसर पर डा. भव्या गुप्ता व सरोज चीमा विशेष रूप से मौजूद रहीं।

### मुनाफे का झांसा देकर 1.16 करोड़ रुपये ठगे

**पानीपत।** पानीपत की दीनानाथ कॉलोनी के रहने वाले मुकेश कुमार को अदिति नामक महिला ने फेसबुक और फिर वॉट्सऐप पर बातचीत कर अपने विश्वास में लिया और विभिन्न मंदों पर रूपयों लगाने पर चालीस प्रतिशत अधिक मुनाफे का लालच दिया। मुकेश, अदिति के बहकावे में आ गया और उसने तीन महीनों में 1.16 करोड रुपए से अधिक की राशि ठग ली।

वहीं जब मुकेश को लगाई रकम की एवज में कोई फायदा नहीं हुआ तो उसे अपने अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ। वहीं मुकेश की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात महिला पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुकेश कुमार ने बताया कि अदिति ने उससे पहले फेसबुक पर दोस्ती की थी।

# संगठनों ने मिलकर नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया

- सर्व कर्मचारी संघ की बैठक में नीतियों का विरोध जताया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**



सर्व कर्मचारी संघ की जिला करनाल की विस्तारित मीटिंग नगर निगम स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान सुशील गुर्जर ने की। संचालन सचिव सेवाराम ने किया।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव नरेश कुमार ने देश-प्रदेश के कर्मचारियों, किसानों, मजदूरों व महिलाओं के खिलाफ नीतियां बनाई जा रही हैं। अपना विरोध दर्ज करवाने के लिए सभी संगठनों ने मिलकर नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का एलान किया है। इस हड़ताल को सफल बनाने के लिए सर्व कर्मचारी संघ के प्रत्येक कार्यकर्ता ने कमर कस ली है। एसकेएस से जुड़ी सभी यूनियनों के कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगे। सुशील गुर्जर ने कहा कि हमेशा की तरह इस बार भी करनाल जिला में हड़ताल को सफल बनाने के लिए सभी विभागों में मीटिंग की जा रही हैं। रूपरेखा तय कर हड़ताल में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर उधम राठी, ओमप्रकाश, धीरज रावत, नरेश, रमेश, महेंद्र, अशोक व शारदा ने मीटिंग में अपने विचार रखे।

### मक्की-सूरजमुखी लेकर आ रहे किसान हो रहे परेशान

# मंडी से अभी तक गेहूं का नहीं हो पाया उठान

- खाली जगह की कमी से मक्की व सूरजमुखी सुखाने में परेशानी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़**

गेहूं के सीजन में सरकारी एजेंसी हैफेड द्वारा खरीदे गए गेहूं को अनाज मंडी प्रांगण से न उठा पाने के चलते किसानों को मक्की व सूरजमुखी सुखाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि गत गेहूं के सीजन में सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड द्वारा अनाज मंडी से भारी मात्रा में गेहूं की खरीद की गई थी। गोदामों में जगह न होने के चलते एजेंसी द्वारा यह गेहूं अनाज मंडी प्रांगण में शैड के भीतर तथा खुले में लगा दिया गया था। गेहूं लगाने से पहले खरीद एजेंसी अधिकारियों ने यह आश्वासन दिया था कि ये गेहूं मक्की व सूरजमुखी के सीजन से पहले उठा लिया जाएगा परंतु अभी भी यहां पर भारी मात्रा में गेहूं की बोरियां पड़ी हैं जिसके चलते किसानों को अपनी मक्की व सूरजमुखी की फसल सुखाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनाज मंडी के आढ़तियों हरपाल सिंह, रामकुमार का कहना है कि इस बारे हैफेड के उच्चाधिकारियों से कईं बार अपील की गई परंतु सड़क पर लगाई गई कुछ बोरियों को अभी तक अधिकारियों द्वारा नहीं उठवाया गया। आढ़तियों का कहना है कि मक्की व सूरजमुखी की अनाजमंडी में आवक पूरी तेजी से हो रही है। कुछ तो पहले से ही मंडी में इन फसलों को सुखाने की जगह की तंगी है उपर से यहां पर लगाई गई इस गेंहू के चलते जगह और ज्यादां तंग हो गई है ।

आढ़तियों ने खरीद एजेंसी के उच्चाधिकारियों से मंडी में पड़ी गेंहू की बोरियों को शीघ्र उठाने की अपील की है जिससे मक्की व सूरजमुखी की फसल को सुखाने में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



नारायणगढ़। मंडी में खुले में पड़ी गेंहू की बोरियां व सुखाने के लिए आई मक्की व सूरजमुखी।

### युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को किया अगवा

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी से युवक शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को अगवा करके ले गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय लड़की 10 जून को सुबह नौ बजे किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर इसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी लड़की का कुछ भी पता नहीं चला। जांच करने पर उन्हें मालूम हुआ की उसकी लड़की को पंजाब के जालंधर निवासी मोहित शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# विदेश भेजने का झांसा देकर 12 लाख रुपये ठगे

- पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

पानीपत निवासी विकास से विदेश भेजने के नाम पर 12 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। विकास ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह को देकर न्याय की गुहार लगाई है।

इधर, विकास ने बताया कि गत वर्ष सितंबर में गांव अदियाना निवासी आनंद से उटला बस अड्डे पर मुलाकात हुई। आनंद ने विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आनंद के चाचा जरनैल सिंह ने वर्क परमिट के जरिए हांगकांग भेजने का वादा किया। आरोपियों ने एंबेसी फीस के नाम पर 30 हजार रुपए लेकर पासपोर्ट जमा करवा लिया। इसके बाद घरौंडा में एक व्यापारी के पास 4.30 लाख रुपए रखवाए और 1.5 लाख नगद लिए। आरोपियों ने हांगकांग की जगह थाईलैंड का वीजा दिया। वहां से हांगकांग भेजा गया, लेकिन दस्तावेज न होने के कारण कस्टम ने भारत वापस भेज दिया। फिर आरोपियों ने अजरबैजान भेजने का वादा किया और छह लाख रुपए और ले लिए। मुंबई में पाकिस्तानी एजेंट ने 2000 डॉलर और ठग लिए।

**हेरोइन समेत युवक काबू**

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने शहर के चांदपुर से एक युवक विष्णु नगर निवासी साहिल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत करीब 45 हजार रुपये है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप

### 54.73 ग्राम स्मैक केस में दूसरा आरोपी गिरफ़्तार

**करनाल।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने नशा तस्करी के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दूसरे आरोपी इंसार पुत्र हाशिम, निवासी गांव बिसालहेड़ा, थाना नक्कुड, जिला सहारनपुर (उ.प्र.) को गिरफ्तार किया है। सेल इंचार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह के अनुसार, यह गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई। इससे पहले, मोहसीन पुत्र वासीन को 54.73 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा गया था, जिसे अदालत से दो दिन के रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि मोहसीन ने यह स्मैक इंसार से खरीदी थी। इंसार को अदालत में पेश किया गया है और मामले में आगे की जांच जारी है, ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों का भी पता लगाया जा सके। थाना कुंजपुरा में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज है।

### छठी कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी में सत्र 2026-27 में कक्षा छठी में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन पत्र भरे जा रहे है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। अभ्यार्थी नवोदय विद्यालय की वेबसाईट पर सीधे जाकर ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को

### पीएचसी का ताला तोड़कर सामान चोरी

**जींद।** गांव अमरगढ़ में बीती रात चोरों ने पीएचसी का ताला तोड़ कर एसी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अमरगढ़ पीएचसी के प्रभारी डा. अनामिका ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने पीएचसी का ताला तोड़ कर प्रिंटर, एसी व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### युवती से अश्लील हरकत करने पर दो नामजद

**जींद।** भगत सिह कालोनी में अश्लील हरकत करने का विरोध करने पर युवती से गाली गलौज तथा धमकी देने पर शहर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भगत सिंह कालोनी निवासी एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कालोनी के ही सोहनपाल ने उसके साथ अश्लील हरकत की।

### इनेलो महिला शाखा की जिलास्तरीय बैठक 15 को

**जींद।** इनेलो महिला शाखा की जिलास्तरीय बैठक 15 जून को सुबह 10 बजे सफीदों रोड नजदीक पार्टी कार्यालय पंजाबी धर्मषाला में आयोजित की जाएगी। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला होंगी ओर विशेष वक्ता के तौर पर महिला प्रदेषाध्यक्ष तनूजा होंगी।

### न्याय मित्रों को दी गई जानकारी

**जींद।** साथी, बाल विवाह उन्मूलन अभियान एवं ड्रग्स उन्मूलन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एडीआर सेंटर के सभागार में किया गया। आधार के सर्वेक्षण, रैंकिंग समग्र समावेशन तक पहुंच पर चर्चा की।

बस स्टैंड एरिया को भी शामिल किया

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगरपालिका ने पार्क में चलाया सफाई अभियान

अभियान में नगर पालिका के सफाई सुपरवाइजर विक्रम और डोर टू डोर कचरे के कलेक्शन के प्रवीण सुपरवाइजर ने टीम के साथ सहयोग किया

- डोर टू डोर कचरे की कलेक्शन करने वाली टीम ने मिलकर वार्ड 1 के पार्क में सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी




**इस टीम ने किया काम**

बुधवार को चलाए गए सफाई अभियान के दौरान कार्य को करने में मुख्य रूप से सफाई सुपरवाइजर विक्रम, नगर पालिका के सफाई कर्मचारी, डोर टू डोर कचरे की कलेक्शन करने वाले सुपरवाइजर प्रवीण कुमार व उसकी पूरी टीम शामिल रही और इमानदारी से काम किया।

सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा तहत नपा कर्मी ने चलाया सफाई अभियान। सचिव नगर पालिका तरावड़ी के दिशा निर्देशानुसार चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा कैंपेन के दौरान पार्क व सार्वजनिक स्थल जैसी जगहों पर सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका के सफाई कर्मचारी और डोर टू डोर कचरे की कलेक्शन करने वाली टीम ने मिलकर वार्ड 1 के पार्क में सफाई अभियान चलाते हुए वहां की सफाई करवाई और डस्टबिनों से कचरा उठाया। करनाली गेट के पास बस स्टैंड वाले एरिया को भी इस अभियान में शामिल किया गया। नगर पालिका के सफाई सुपरवाइजर विक्रम और डोर टू डोर कचरे के कलेक्शन के प्रवीण सुपरवाइजर ने जानकारी देते हुए कहा कि शहर में सफाई को लेकर नगर पालिका प्रशासन अलर्ट है। लेकिन इसके बावजूद भी अगर किसी व्यक्ति को सफाई से संबंधित किसी प्रकार की कोई समस्या है तो वह नगर पालिका में आकर अपनी समस्या को बताएं इसके बाद हमारी कोशिश रहेगी कि उस व्यक्ति की समस्या को जल्द से जल्द खत्म किया जाएगा।



करनाल। अपनी टीम के साथ डा. सूरज सिंह। फोटो : हरिभूमि

## कोरोनरी एंजियोग्राफी से आप्रेशन कर दिया जीवनदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

करनाल में एक दिल के मरीज को उस समय बड़ी राहत मिली, जब कोरोनरी एंजियोग्राफी के जरिए डॉक्टर ने उसका सफल आप्रेशन कर बीमारी को खत्म कर दिया। मरीज हार्ट बाइपास सर्जरी के लिए सहमत नहीं था। डॉक्टर ने उसकी दुविधा को खत्म करते हुए आधुनिक तकनीक कोरोनरी एंजियोग्राफी उसका आप्रेशन किया। अब मरीज बिल्कुल स्वस्थ है। उल्लेखनीय है कि करनाल के विर्क अस्पताल में डा. सूरज सिंह ने 62 वर्षीय रामपाल कौशिक का सफल आप्रेशन किया। डा. सूरज सिंह बताते हैं कि मरीज के दिल की तीनों बड़ी नसों में क्रीटिकल ब्लॉकेज मिला था। नसों के ब्लाकेज में कैल्शियम की मात्रा बहुत अधिक थी। डॉक्टरों ने उसे बाइपास सर्जर करवाने की सलाह दी थी। इससे रामपाल सहमत नहीं था। जब वह विर्क अस्पताल में पहुंचा तो डा. सूरज ने उनके साथ लंबी चर्चा की। मरीज ने कोरोनरी एंजियोग्राफी पर सहमति जताई। डा. सूरज बताते हैं कि इंट्रावैस्कुलर लिथोट्रिप्सी (आईवीएल) के जरिए ब्लाकेज में कैल्शियम को तोडक़र सफलतापूर्वक कोरोनरी एंजियोग्राफी की गई। आपरेशन में दो घंटे से अधिक का समय लगा। रामपाल कौशिक अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं। बता दें कि आईवीएल द्वारा करनाल में पहली बार एक मरीज का सफल आपरेशन किया गया है।

## जागरूकता शिविर में करवाया योग का अभ्यास

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जागरूकता शिविर एवं योगा सेशन का आयोजन :

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करनाल द्वारा कैम्पेन 'जस्टिस विदइन वालस' के अंतर्गत प्लेस आफ सेफ्टी करनाल में तीन दिवसीय जागरूकता शिविर एवं योगा सेशन का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने बताया कि कैम्पेन 'जस्टिस विदइन वालस' के अंतर्गत जिला कारागार, करनाल मे भी बंदियों के अधिकारों से अवगत करवाने हेतु डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसल श्री महिन्द्र कुमार व पैरा लिगल वालंटियर के द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन करेंगे। इसके अलावा डॉक्टरों की टीम द्वारा जिला कारागार में हैल्थ चैक अप कैप व आधार कार्ड और पेंशन हेतु संबंधित विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पैरा लिगल वालंटियर डा. नीना द्वारा प्लेस आफ सेफटी करनाल मे तीन दिवसीय जागरूकता शिविर एवं योगा सैशन का आयोजन किया गया तथा उपस्थित ज्यूविनायलों को उनके व बंदियों के अधिकारों बारे जागरूक किया और उनके लिए योगा सेशन आयोजित कर अच्छे स्वास्थ्य हेतु योगा के महत्व बारे भी जानकारी दी।

14 तक किया जाएगा शिविर का आयोजन

## नियमित योग करने से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं : सुजाता गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय करनाल की पूर्व प्रचार्या एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुजाता गुप्ता की ओर महिलाओं को स्वस्थ रखने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए उन्हें योगाभ्यास करवाया जा रहा है। बुधवार से चार दिवसीय निशुल्क योग शिविर की शुरूआत असमी योगा एंड वेलनेस स्टूडियो मॉल रोड में की गई। योग विशेषज्ञ मोहित राणा ने योग और प्राणयाम का अभ्यास करवाया। कैंप में लगभग 50 महिलाएं हिस्सा ले रही हैं, जोकि भारत विकास परिषद माधव शाखा, संस्कृति क्लब, सीजीसी व करनाल क्लब से जुड़ी हुई हैं। योग शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में माधव शाखा की वरिष्ठ सदस्य सुचेता गुप्ता ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि असमी योग एवं वेलनेस स्टूडियो की निदेशक गरिमा गुप्ता रहीं। इस मौके पर सुजाता गुप्ता ने कहा कि योग हमारे ऋषि मुनियों की देन है। शरीर को स्वस्थ रखने का योग सर्वोत्तम साधन है। महिलाओं को दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए।

बैठक में मंथन

## हड़ताल सफल बनाने के लिए सकसंघ ने कमर कसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

- बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान सुशील गुर्जर ने की

सर्व कर्मचारी संघ की जिला करनाल की विस्तारित मीटिंग नगर निगम स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान सुशील गुर्जर ने की। संचालन सचिव सेवाराम ने किया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव नरेश कुमार ने देश-प्रदेश के कर्मचारियों, किसानों, मजदूरों व महिलाओं के खिलाफ नीतियां बनाई जा रही हैं। अपना विरोध दर्ज करवाने के लिए सभी संगठनों ने मिलकर नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का एलान किया है। इस हड़ताल को सफल बनाने के लिए सर्व कर्मचारी संघ के प्रत्येक कार्यकर्ता ने कमर कस ली है। एसकेएस से जुड़ी सभी यूनियनों के कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगे। सुशील गुर्जर ने कहा कि हमेशा की तरह इस बार भी हड़ताल को सफल बनाने के लिए सभी विभागों में मीटिंग की जा रही हैं। रूपरेखा तय कर हड़ताल में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर उधम राठी, ओमप्रकाश, धीरज रावत, नरेश, रमेश, महेंद्र, अशोक व शारदा ने विचार रखे।

## जिला अध्यक्षों के चयन को लेकर कांग्रेस पार्टी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री



कांग्रेस पार्टी ने संगठन सृजन अभियान के तहत नए जिला अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया को लेकर महाराजा अग्रसेन भवन इंद्री में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विधानसभा स्तर के नेताओं व कार्यकर्ताओं से अलग-अलग विचार विमर्श किया व उनके विचार सुने ताकि कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत किया जा सके। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के केंद्रीय पर्यवेक्षक विधायक भुवन कापड़ी ने की। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से मंगतराम लालवास व आजाद मलिक मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व मंत्री भीमसेन मेहता, पूर्व विधायक राकेश कांबोज, राजेंद्र बल्ला, अंग्रेज सिंह सैनी, कर्म सिंह खानपुर, जसबीर राजेपुर, साहब सिंह डबास, ओमपाल मढान, रतन सिंह कलरी व मंजीत गोल्डी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सेक्टर 8 में योग-यज्ञ वाटिका का विधिवत लोकार्पण किया

**करनाल।** आर्य समाज सेक्टर 8-9 द्वारा पूर्व पार्षद मुकेश अरोड़ा, पार्षद सुजाता अरोड़ा के पुरुषार्थ और सभी धर्मप्रेमियों वकी इच्छा अनुसार सेक्टर 8 में योग- यज्ञ वाटिका का विधिवत लोकार्पण पूर्णमासी के यज्ञ के द्वारा किया गया। यज्ञ में गायत्री मंत्र की एक माला की आहुतियां भी दी गई। स्वामी श्रद्धानन्द जी के बलिदान शताब्दी के 500 यज्ञों के लक्ष्य को लेकर सेक्टर 8/9 आर्य समाज का यह छठा यज्ञ था। संयोजिका सावित्री आर्या जी ने सब को आशीर्वाद प्रदान किया। यज्ञ ब्रह्मा पंडित निर्मल शास्त्री जी ने यज्ञ सम्पन्न कराया। मुख्य यज्ञमान सावित्री आर्या व नवकिरण भाटिया रही। मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद मुकेश अरोड़ा ने कहा कि यज्ञ और योग जीवन के मूल आधार है। यज्ञ के द्वारा पर्यावरण की और योग के द्वारा शरीर की शुद्धि होती है। पार्षद सुजाता अरोड़ा ने कहा कि उनका यह सदा प्रयास रहता है कि यज्ञ और योग का ज्यादा से ज्यादा प्रचार और प्रसार हो। उन्होंने इस योग और यज्ञ शेड में लाइटें और पंखे भी लगवा कर देने का आश्वाशन दिया। केन्द्रीय सभा के प्रधान आनंद सिंह आर्य ने पूर्व पार्षद मुकेश अरोड़ा एवं सुजाता अरोड़ा का धन्यवाद किया।

## इग्नू में जुलाई सत्र दाखिलों के लिए पोर्टल खुला

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ साथ कर सकते है इग्नू से पढ़ाई : डॉ धर्म पाल

इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्विद्यालय (इग्नू) में जुलाई 2025 सत्र के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते है उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है द्व इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है द्व ऐसे विद्यार्थी जो किसी भी कारण से रेगुलर कॉलेज और विश्विद्यालय में नहीं जा सकते तो ऐसे विद्यार्थी आसानी से इग्नू के माध्यम से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त जॉब करने वाले कैंडिडेट भी आसानी से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकते हैं और इग्नू के किसी भी पाठ्यक्रम में एडमिशन ले सकते है ऐसे इच्छुक विद्यार्थी जिनको प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करनी उनके लिए इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली एक उपयुक्त प्लेटफार्म है।

डॉ धर्म पाल ने बताया की इच्छुक विद्यार्थी इग्नू द्वारा संचालित लगभग 350 तरह के सर्टिफिकेट, पीजी सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, बैचलर्स और पोस्ट ग्रेजुएट के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन लिंक पर अप्लाई कर सकते हैं।

## एडवोकेट संजीव स्टेट चीफ डायरेक्टर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने हरियाणा प्रदेश टीम का विस्तार करते हुए इंटरनेशनल पावरलिफ्टर एडवोकेट संजीव शर्मा को फाउंडेशन का स्टेट चीफ डायरेक्टर हरियाणा नियुक्त किया। एडवोकेट संजीव शर्मा यूएसए, कनाडा, इंग्लैंड ओर दुबई में आयोजित हुई वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में चार बार वर्ल्ड चैंपियन रह चुके हैं। संजीव शर्मा, इंटरनेशनल चैंपियन, स्ट्रांगमैन ऑफ इंडिया और नैशनल रेफरी हैं। एडवोकेट संजीव शर्मा रॉ पावरलिफ्टिंग फेडरेशन, इंडिया के ट्रेजर पद पर भी हैं। नैशनल सुप्रीमो नरेन्द्र अरोड़ा ने एडवोकेट संजीव शर्मा को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने ओर सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एडवोकेट संजीव शर्मा ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के उद्देश्यों को जन जन तक लेकर जायेंगे और टीम का विस्तार करेंगे।

## कपास और धान की फसल में कीट प्रबंधन जरूरी : गौड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। कहसून गांव में किसानों के साथ विशेषज्ञ।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के वैज्ञानिक व अधिकारी गांव कहसून मे किसानों से रूबरू हुए। कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा के प्रभारी डा. रामकरण गौड ने बताया कि कपास व धान में कीट प्रबंधन बहुत ही जरूरी है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि किसान अपने खेत में समय-समय पर कीटों का आंकलन करते रंहे ताकि उचित समय पर उनका प्रबंध किया जा सके। पशुपालन विभाग से आए डा. पुनीत सिंह ने पशुओं में आने वाली मुंहखुर, गलघोटू व ब्रूसीलॉसेस बीमारी के प्रबंधन पर जोर दिया। डा. पवन भुक्कल ने किसानों से आग्रह किया कि वह अपनी मिट्टी व पानी को दूषित होने से बचाएं ताकि आने वाली पीढ़ी को हम स्वस्थ मिट्टी व पानी विरासत में दे सकें।

## श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर लगाया भंडारा

- भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा



भगवान परशुराम मंदिर घरौंडा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर आयोजित भ्संडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

भगवान परशुराम मंदिर घरौंडा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का बुधवार को विधिवत रूप से विश्राम हुआ। कथा के समापन के उपरांत मंदिर प्रांगण में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कढ़ी चावल का प्रसाद ग्रहण किया।

ब्राह्मण सभा के प्रधान ललित शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन बीते एक सप्ताह से अधिक समय से श्रद्धा और भक्ति के साथ चल रहा था। कथा के अंतिम दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसके बाद विशाल भंडारा भी रखा गया। उन्होंने बताया कि इस कथा का उद्देश्य समाज में धार्मिक और नैतिक मूल्यों को जागृत करना था। भंडारे में पुजारी श्री कृष्ण कौशिक, तेज बहादुर टिक्कू, सुशील कौशिक, राजकुमार शर्मा, विपुल शर्मा, महेंद्र, प्रवीण सोनी और काकू सहित कई सेवाभावी भक्तों ने मिलकर वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से संभाला। सभी ने मिलकर श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरित किया।

### धर्म लाभ उठाया

श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम जी की कथा श्रवण कर धर्म लाभ उठाया और भंडारे में भाग लेकर पुण्य अर्जित किया। मंदिर समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया गया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया।

### सार्वजनिक सूचना

इस कार्यालय में बबिता पुत्री स्व. श्री मोहन लाल निवासी मकान न. 18-ई, हस्पताल ऐरिया, नीलोखेडी, तहसील नीलोखेड़ी जिला करनाल ने कार्यालय नगरपालिका नीलोखेड़ी में प्रार्थना पत्र दिया है कि प्रार्थी की जायदाद प्रोपर्टी आई.डी. नं. 7MRKCYY9 मकान नं. 18-ई, हस्पताल ऐरिया, नीलोखेड़ी, तहसील नीलोखेड़ी, जिला करनाल में स्थित है। प्रार्थी इस प्रोपर्टी में हिस्सा वारिस नामा के अनुसार उक्त प्रोपर्टी मृतक मोहन लाल के वारसान 1. कमलेश (विधवा), 2. अंजलि (पुत्री), 3. बबिता (पुत्री) स्व. मोहन लाल पुत्र श्री कृष्ण लाल के नाम करवाना चाहती है अगर उक्त विषय बारे किसी को कोई भी एतराज है तो वह अपना एतराज मय सबूत लिखित रूप में 30 दिनों के अन्दर-2 कार्यालय नगरपालिका नीलोखेड़ी में जमा करवा सकते हैं। इस अवधि उपरान्त कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा इस अवधि के उपरान्त उक्त प्रोपर्टी आई.डी सबूतों के आधार पर इनके नाम कर दी जाएगी।

हस्ता/-सचिव
नगरपालिका नीलोखेड़ी।

## खबर संक्षेप

### दो चोरों से छह वारदातों का हुआ खुलासा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने खेतों व घरों में चोरी व दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों कन्हैया पुत्र सन्नी निवासी शिव नगर, कृष्णपुरा क्षेत्र व इदगाह कालोनी निवासी पपू पुत्र लख्मी को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों से चोरी की छह वारदातों का खुलासा हुआ। सीआईए श्री प्रभारी विजय ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में गांव जालपाड़ निवासी कृष्ण की औश्र बाइक चोरी की वारदात बारे थाना शहर में गांधी कालोनी निवासी राहुल मनोचा की शिकायत पर केस दर्ज है।

### विकास कार्यों को गति देने के निर्देश दिए

**पानीपत।** जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर किरण सिंह ने सचिवालय सभागार में इसराना व मतलौडा खंड के ग्राम सचिव एवं कनिष्ठ अभियंताओं की बैठक ली व सरकार की योजनाओं के तहत किए जा रहे विकास कार्यों को गति देने की निर्देश दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने खण्ड समालखा के सभी ग्राम सचिवों एवं कनिष्ट अभियन्ताओं को पंचायती राज की स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण स्कीम के अन्तर्गत चल रहे ठोस कचरा प्रबंधन शैडो के निर्माण को लेकर और गति प्रदान करने के निर्देश दिए।

### जानलेवा हमले का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने बतरा कॉलोनी में दो युवकों पर जान लेवा हमला करने के आरोपी सूरज को गिरफ्तार किया है। वहीं, थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र ने बताया कि इस मामले में फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। इधर, इस मामले में थाना पुराना औद्योगिक में बतरा कॉलोनी निवासी धर्मेंद्र पुत्र तिलक राम की शिकायत पर केस दर्ज है।

### लाखों के बिजली उपकरण चोरी

**पानीपत।** इसराना थाना के गांव बुआना लाखु में बंद पड़ी एक फैक्ट्री से ट्रांसफॉर्मर और अन्य बिजली उपकरण चोरी कर लिए गए। फैक्ट्री मालिक अंकित गुप्ता ने बताया कि टैरिफ की वजह से हिस्सा नंबर तीन और चार बंद कर दिया था। जब फैक्ट्री का ताला खोला तो सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला। जांच में फैक्ट्री के बिजली मिस्त्री पर शक जताया गया है। मौके से शराब की बोतल और तीन गिलास बरामद हुए हैं।

### कंपनी का सरिया चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव अटावला के पास से रिफाइनरी पाइपलाइन बिछाने वाली कंपनी का सरिया चुरा ले गए। कोरैच इंटरनेशनल कंपनी के सीनियर मैनेजर चंदन कुमार महतो की शिकाय पर पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एपी लाइन के 4 स्पैन के तार चोरी

**पानीपत।** थाना इसराना के गांव पुठर में चोरों ने एपी लाइन के 4 स्पैन के तार काट लिए। इस चोरी से बिजली विभाग को 1 लाख 2 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ज्येष्ठ पूर्णिमा पर भंडारा किया


**समालखा।** हर वर्ष की भातिं इस वर्ष भी लाइनपार हनुमान कॉलोनी में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर भगत संदीप पूनिया ने भंडारा करवाया। जिसमें देशी घी का हलवा, पूरी-सब्जी का प्रसाद बनवाया गया। भगत संदीप पूनिया कॉलोनी में सुख शांति व समृद्धि के लिए हर वर्ष ज्येष्ठ मास में एवं सर्दियों में पौष मास में तपस्या व भंडारा करवाते है। इसके साथ ही भगत जी जागरण व कीर्तन भी करवाते हैं। भगत दरबार में हर रोज हनुमान चालीसा व आरती करते हैं।

### मीठा जल पिलाया

**पानीपत।** पानीपत मॉडल टाउन स्थित रविंद्रा हॉस्पिटल के बाहर मीठे पानी की छबील लगाई गई। जिसमें हॉस्पिटल स्टाफ ने दिन भर सडक़ से गुजरने वाले राहगीरों को ठंडा व मीठा पानी पिलाया।

### गांव भालसी में त्रिशूल स्थापना पर निकाली कलश शोभायात्रा

# युवाओं से सनातन संस्कृति को अपनाने की अपील की





पानीपत। गांव भालसी में त्रिशूल की स्थापना करते ग्रामीण श्रद्धालुगण तथा कलश शोभा यात्रा निकालते हुए सुहागिन महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

- हर घर से पुरुषों ने त्रिशूल यात्रा में शामिल होकर गाम राम की एकता का परिचय दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डा. नवीन नैन भालसी ने बताया कि भारतीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक इतिहास में पहली बार 12 ज्योतिर्लिंग, चार धाम और 12 शक्तिपीठों की महासंगम यात्रा के उपरांत सिद्ध महादेव के त्रिशूल की ऐतिहासिक गांव भालसी में गाम राम के सहयोग से कलश यात्रा निकाल कर प्राचीन शिव मंदिर भालसी में स्थापित किया गया।

वहीं अंतराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाय व राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डा. नवीन नैन ने बताया कि पहली बार गांव में कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें गांव के हर घर से महिलाओं ने भाग लिया व हर घर से पुरुषों ने त्रिशूल यात्रा में शामिल होकर गाम राम की एकता का परिचय दिया। शिव आराध्य करने के लिए हरियाणा की सुप्रसिद्ध जागरण मंच के मुख्य कार्यकारी संयोजक स्वामी श्याम सिंह व टीम ने शिव भक्ति करके यात्रा का गुणगान किया। डा. नवीन नैन ने बताया कि भारत एवं स्विट्जरलैंड में भारतीय संस्कृति व सभ्यता को विकसित करने के लिए एक साथ महादेव के त्रिशूल की स्थापना की गई। डा. नवीन नैन ने बताया कि यह भगवा त्रिशूल यात्रा न केवल एक आध्यात्मिक आयोजन है, बल्कि यह सनातन संस्कृति और शिवभक्तों की एकता का प्रतीक भी है। उन्होंने युवाओं से सनातन संस्कृति को अपनाने की अपील की। इधर, चौ. प्रेम सिंह ने बताया कि इस पवित्र यात्रा का उद्देश्य भगवान शिव के प्रति आस्था को जागृत करना, सनातन संस्कृति को बढ़ावा देना और जनमानस को आध्यात्मिक ऊर्जा से प्रेरित करना है। इस यात्रा के माध्यम से भगवान शिव के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति का संदेश देश में प्रसारित किया जा रहा है। वहीं, इस धार्मिक कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



पानीपत। भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पार्टी नेताओं के साथ बैठक करते हुए।

# पीएम मोदी ने भारत का दुनिया में मान बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक के कार्यक्रमों की तैयारी में जुटे भाजपाई

पानीपत के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह परिसर में मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

वहीं, बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि अपने 11 साल के सेवाकाल में देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा में 14 बार आ चुके हैं। ऐतिहासिक शहर पानीपत में ही वह दो बार आकर महिला सशक्तिकरण और नारी शक्ति को बल देने वाली दो बड़ी महत्वकांक्षी योजनाओं का शुभारंभ कर चुके हैं जिनमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और बीमा सखी योजना शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के संकल्प से सिद्धि तक जिला एवं मंडल अनुसार विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम हेतु संयोजक रविंद्र भाटिया और सह संयोजक सुनील कंसल को बनाया गया है। बैठक में डॉ. राजबीर आर्य, डॉ. हेमा रमन, चांद भाटिया, विकास रुहल, सुनील परढाना, नरेश बेनीवाल, कृष्ण छोक्कर, महावीर दहिया आदि को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री पायलट को याद किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव छाजपुर खुर्द में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान नेता स्व.राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में जिला महासचिव ओबीसी कांग्रेस कमेटी एवं जिला अध्यक्ष स्व. राजेश पायलट किसान संगठन हरियाणा मोनू रावल, सतपाल रावल, सोमपाल रावल, सुरेन्द्र रावल, राजेन्द्र रावल, सेल्युकश रसलापुर, रिंकू रावल, रोहित रावल, राजेश रावल, अमित रावल, मोहन रावल, आयुष रावल, टिंकू गोयल, आसु तायल, संजय, अंकित, सोनू ,रोहित, सन्नी, जितेंद्र रंगा, जोनी, साहिल, शुभम आदि शामिल रहे।

## जैन स्कूल सोसाइटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत




पानीपत। जैन स्कूल सोसाइटी के पदाधिकारी शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

जैन स्कूल सोसाइटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह जीटी रोड स्थित जिनवाणी विद्या भारती स्कूल में हुआ। सर्वप्रथम चुनाव अधिकारियों दिनेश जैन सीए, निपुण जैन सीए का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए धन्यवाद किया। तत्पश्चात चुनाव अधिकारियों ने प्रधान राजेश जैन, उप प्रधान लोकेश जैन टोनी, प्रबंधक विपुल जैन, सह प्रबंधक दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन को शपथ दिलाई गई। प्रधान राजेश जैन ने सोसाइटी को दिशा निर्देश के लिए सुरेंद्र जैन हैंड फैब, सुखमाल जैन फ्लोरा व सुरेश जैन नीलकमल को संरक्षक पद पर सुशोभित किया गया। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायत के प्रधान सुनील जैन ने अपनी कार्यकारिणी के साथ पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

## विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ टैलेंट भी जरूरी: राजीव

- सेमिनार में बच्चों ने भाषण के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। पीसीसी एकेडमी की निदेशक शिल्पा मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पानीपत के माडल टाऊन स्थित पीसीसी एकेडमी में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य डिग्री के साथ टैलेंट जरूरी था। सेमिनार में बच्चों ने भाषण के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा कि डिग्री के साथ विद्यार्थियों में टैलेंट जरूरी है क्योंकि आज सोशल मीडिया पर लोग लाखों रुपये कमा रहे हैं। अपने टैलेंट की वजह से दुनिया में ऐसे-ऐसे टैलेंट हैं जो सोशल मीडिया के माध्यम से बाहर आए हैं। राजीव परुथी ने कहा कि जिस विद्यार्थी में टैलेंट आ जाए या वह अपने टैलेन्ट को पहचान ले तो उसको जीवन में सफलता मिलना तय है। एकेडमी की डायरेक्टर शिल्पा परुथी ने कहा कि पीसीसी एकेडमी एक मात्र ऐसा संस्थान है जहां विद्यार्थियों के आंदर टैलेंट पैदा किया जाता है। सेमिनार में गौरव नरवाल, प्रियंका मलिक प्रथम एवं वंशिका ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में सिमरन, काजल, अंजलि, मुकेश, यशदीप आदि उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों की भाषा पर पकड़ बनाएं अध्यापक

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा



समालखा। राजकीय स्कूल गांव पावटी में टीचर्स को ट्रेनिंग देते हुए एक्सपर्ट।

निपुण भारत कार्यक्रम के तहत बच्चों की भाषा पर पकड़ बनाने के लिए मौखिक भाषा से शुरुआत करनी चाहिए। इसके तहत बच्चों के द्वारा उनकी भाषा में कविता आदि बुलवानी चाहिए। उक्त बातें केआरपी हरीश व बबीता ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पावटी में प्रशिक्षण लेने वाले अध्यापकों को कही। केआरपी सुनील मोर व रेनू बेनीवाल ने दूसरे ग्रुप को समझा किया कार्य पुस्तिका व पाठ्य पुस्तक के आधार पर बच्चों को समझाया जाना चाहिए ताकि बच्चा कार्य पुस्तिका के आधार पर अच्छी तरह से कार्य कर सके। वहीं, देवेंद्र, राजीव, प्रदीप रंगा, वीरेंद्र,जोगिंदर व बिजेंद्र द्वारा आंखों पर पट्टी बांध कर सभी उपस्थित अध्यापकों के साथ एक्टिविटी की गई। कार्यक्रम में इंदु मलिक, मीका, सुषमा, सरिता, प्रेमलता, पुष्पा, नारायण सिंह, देवेंद्र, सुशीला, वीरेंद्र सिंह, जगबीर सिंह, सुरेंद्र राठी, सरोज, नीता, पवन वर्मा, हरिओम, महिपाल, शमशेर सिंह, सीमा, प्रदीप, जोगिंदर, वीरेंद्र कुमार, प्रदीप रंगा इशम सिंह, सतीश कुमार व तेजवीर आदि उपस्थित रहे।

## पानीपत को विकसित शहर बनाएंगे: विज

- वार्ड 15 के ओम शांति पार्क के सौंदर्यीकरण का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक प्रमोद विज। फोटो : हरिभूमि

पानीपत के वार्ड 15 में स्थित ओम शांति पार्क का सौंदर्यीकरण लगभग 38 लाख की लागत से किया जाएगा, विधायक प्रमोद विज ने स्थानीय जनों की उपस्थिति में नारियल तोड़ कर किया। विज ने कुछ समय पहले स्थानीय जनों से पार्क के सौंदर्यीकरण का वादा किया था। स्थानीय जनों ने पार्क के सौंदर्यीकरण हेतु विधायक और स्थानीय पार्षद का आभार प्रकट किया है। पानीपत को विकसित शहर बनाएंगे। पार्षद अमित नारंग ने विधायक का वार्ड को विकास कार्य की सौगात देने हेतु आभार प्रकट करते हुए कहा कि विज के नेतृत्व में लगातार वार्ड का विकास हो रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता कृष्ण छोक्कर, चेतन तनेजा, हिमांशु कटारिया, पार्षद कमल अरोड़ा, विक्की, राहुल आदि उपस्थित रहे।

### समर कैंप का शुभारंभ

**समालखा।** शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति एवं ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा चार दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ हुआ। कैंप की शुरुआत चेतना गीतों से हुई। जिसमें ग्रामीण व कस्बे के बच्चों को गायन, वादन, अभिनय, क्ले मोल्डिंग की विधा सिखाई जा रही है। इसके साथ ही बच्चों को यह भी सिखाया जा रहा है की किस प्रकार से वैज्ञानिक विधि को चमत्कारों की संज्ञा दी जाती है तथा कुछ रसायनों के मिश्रण से आग जला कर भोले भाले लोगों के साथ ठगी की जाती है।

## भाजपा सरकार हर वर्ग की हितैषी: विश्नोई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। पूर्व सांसद कुलदीप विश्नोई का स्वागत करते हुए भाजपा नेता चेतन तनेजा, महेश थरेजा, रविंद्र सैनी आदि। फोटो : हरिभूमि

पूर्व सांसद एवं भाजपा नेता कुलदीप विश्नोई, पानीपत के दौरे पर है और अपने राजनीतिक सहयोगियों, दोस्तों, रिश्तेदारों आदि से मुलाकात कर रहे है। वहीं, विश्नाई ने भाजपा के जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर किवाना से मिले। यहां पर कुलदीप का भाजपा नेताओं महेश थरेजा, चेतन तनेजा, रविंद्र सैनी आदि ने स्वागत किया।

वहीं, कुलदीप विश्नोई ने दावा किया की मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत विश्व में चौथे नंबर की अर्थ व्यवस्था बन चुका है। जबकि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से तरक्की कर रहा है। इधर, विश्नोई ने गांव खुखराणा में डा. सोहन लाल के निवास पर पहुंच कर उनकी 100 वर्ष से अधिक आयु की माता धन्नो देवी का आशीर्वाद लिया। भाजपा सरकार हर वर्ग की हितैषी है।इधर, ग्रामीण कुलदीप विश्नोई का पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर तेजबीर सिंह, जसमेर ऊंटला, होशियार सिंह फौजी, भीम प्रधान, सुरेन्द्र तनेजा, सुमेर, योगेश मखीजा, राजेश शर्मा, विलित अनेजा, मनोज, रामरतन, डा. आकाश, मनोहर गाबा, हरपाल, पवन शाहपुर, कृष्ण प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## फर्जी डॉक्टर्स रोजाना सैकडों रोगियों का उपचार करते थे

**पानीपत।** सीएम फ्लाइंग व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई में पकड़े गए दो फर्जी अस्पतालों जाटल रोड स्थित एसके क्लीनिक और देशवाल चौक स्थित देव ईएच क्लीनिक बिना रजिस्ट्रेशन के कई महीनों से चल रहे थे। दोनों अस्पतालों में रोजाना 70 से 80 मरीज इलाज के लिए आते थे। मरीजों से 100 रुपये फीस ली जाती थी। यानी ये फर्जी अस्पताल सिर्फ ओपीडी फीस के नाम पर रोज हजारों रुपये वसूल रहे थे। इधर, जांच के बाद दोनों क्लीनिक मालिकों के खिलाफ पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर, डीएसपी हेडक्वार्टर सतीश वत्स ने बताया कि दोनों ही फर्जी अस्पतालों के मालिकों के खिलाफ धारा 34 एनएमसी एक्ट 18(ए), 18(सी) ड्रग एक्ट और 318(4) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

### मनाना में 240 एकड भूमि की बोली तीसरी बार रद्द हुई

**पानीपत।** पानीपत के गांव मनाना में शामलात भूमि की बोली एक बार फिर टल गई। लगातार तीसरी बार फिर रद्द होने का कारण गांव की सरपंच रेखा शर्मा बनीं। तीसरी बार भी सरपंच रेखा ने ऐन मौके पर खुद को व्यस्त बताते हुए बोली न होने का पत्र जारी किया। इसके बाद ग्रामीणों ने उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया को सरपंच मनाना व प्रशासन पंचायती राज की मिलीभगत से बार बार 240 एकड़ की बोली रद्द होने की शिकायत दी गई है। गांव मनाना निवासी संदीप राठी ने खंड समालखा के मनाना गांव की लगभग 240 एकड़ जमीन की बोली की जाती है। जिससे लगभग एक करोड़ का राजस्व प्राप्त होता है।

### करो योग रहो निरोग: मित्तल

**पानीपत।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कक्षाओं में जगह-जगह पर शिविरों का आयोजन करते हुए सबको योग के प्रति जागरूक कर रही है। जागरूकता कार्यक्रम मुख्य केंद्रीय प्रभारी भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि राकेश मित्तल, राज्य प्रभारी ईश आर्य ने योग को लेकर नागरिकों का मार्गदर्शन किया। करो योग रहो निरोग। इस अवसर पर बलवान सिंह, रामपाल, बलबीर सिंह, सुभाष, सुधीर, राजेश ठुकराल, राकेश, गिरीश, संदीप, संजय, रेखा सेतिया, सुमन वधवा, प्रीति, ललिता झांब, सुनीता चुघ, सरोज बजाज, राज, मोनिका, वीना चुघ, कांता सचदेवा, शेफाली, पूनम, कावेरी, किरण, मंदीप, मीनू आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षा मंत्री महिपाल ने विकास कार्यों का शुभारंभ किया

# पानीपत ग्रामीण हलके को विकसित करेंगे: ढांडा

- शिक्षा मंत्री ढांडा के साथ नागरिकों ने पार्षद कोमल पांचाल जोरदार स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम वार्ड नंबर छह के विजय नगर एवं दीनानाथ कॉलोनी में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने नारियल फोड कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। श्री शिव खाटू श्याम मंदिर के पुजारी दीपक पांडे ने विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कोई भी समस्या बकाया नहीं रहेगी। पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र उनका परिवार है वह बेहतर से बेहतर सुविधाएं दिलाने का भ्रसक प्रयास करेंगे। हरियाणा सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर सबका साथ सबका विकास कर रही है इसी उद्देश्य को लेकर सभी वार्डों में विकास के कार्य की शुरुआत की जा रही है। शिक्षा मंत्री ढांडा के साथ नागरिकों ने पार्षद कोमल पांचाल जोरदार स्वागत किया। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा एवं पार्षद कोमल पांचाल ने आज विजय नगर में गलियों का निर्माण एवं दीनानाथ कॉलोनी में पीने के पानी की लाइन बिछाने की शुरुआत की है। इस अवसर पर भाजपा नेता इसम पांचाल, बिजेंद्र पांचाल, अनिल शर्मा, भूपेंद्र बालियान, भूपेंद्र पांचाल, राजपाल, मोहर सिंह सैनी, शिव कुमार जोगी, प्रमोद कश्यप, विनोद सेन, जितेंद्र पटवा, अशोक वर्मा, सुनील शर्मा, राम कुमार मंडावर, प्रीतम कपिल आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कबूतरबाजी के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी लवजीत सिंह उर्फ जीत, गुरजीत सिंह उर्फ बल्ली व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी लवजीत सिंह तथा गुरजीत सिंह को चार दिन के रिमांड पर लिया है। पिलखनी के रामचंद्र ने 16 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6 नवंबर 2024 को आरोपी लवजीत सिंह उर्फ जीत, गुरजीत सिंह उर्फ बल्ली, आरोपी महिला व अन्य ने उसे और उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी की है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-शहजादपुर ने थाना शहजादपुर में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी आकेश उर्फ ड्डू को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पीड़ित महिला ने 5 दिसंबर 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने रात के समय गांव पतरेहड़ी में आंगनवाड़ी का ताला तोड़कर तीन बोरी चीनी, 50 किलो गेंहू, 1 क्विंटल चावल, 1 सिलेंडर, 21 किलो घी, 3 बोरे आटा चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 23500 किसानों से सीधा संपर्क

**अंबाला।** 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसमें खंड साहा, बराड़ा, शहज़ादपुर, नारायणगढ़, अंबाला-1 एवं 2 के 165 गांव में पहुंच कर वैज्ञानिको एवं अधिकारियों ने चौपाल चर्चा, बैठक, किसान-वैज्ञानिक वार्तालाप, समस्या व समाधान इत्यादि के साथ साथ डोर टू डोर कैंपेन चलाई।

### आरोपी पीओ को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना के एक मामले में वांछित आरोपी हरभजन सिंह को काबू किया है। माननीय न्यायालय द्वारा वर्ष 2020 में आरोपी को पीओ घोषित किया गया था। 10 जून 2025 को इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी अनमोल कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। यूनियन बैंक के आशीष ने 29 नवंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अनमोल कुमार व अन्य ने मिलीभगत करके साजिश नकली गोल्ड पर लोन लेकर एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी की है।

### पॉलिथीन हटाकर पर्यायवरण को बचाने का लिया संकल्प

**बराड़ा।** सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) द्वारा राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, में 'हरित भारत, हरित धरा' अभियान के अंतर्गत 'पॉलिथीन हटाओ, पर्यावरण बचाओ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम "आई हेट पॉलिथीन" मुहिम की राष्ट्रीय संयोजिका पूजा अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूजा अग्रवाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, 'प्रकृति ने हमें जीवन के लिए आवश्यक सभी संसाधन बिना किसी मूल्य के प्रदान किए हैं।

## लोगों ने बड़ी बस चलाने की मांग की

# तंदवाल में मिनी बस को रोक ग्रामीणों ने जताया विरोध

मिनी बस में अत्यधिक भीड़ के कारण यात्रा करने वाली लगभग दो दर्जन सवारियां बस में चढ़ने से वंचित रह गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**बराड़ा।** तंदवाल में मिनी बस के ड्राइवर से बातचीत करते हुए ग्रामीण।

शाहबाद से साढौरा (वाया तंदवाल) चलने वाली मिनी बस सेवा को लेकर गांव तंदवाल में ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। मिनी बस में अत्यधिक भीड़ के कारण यात्रा करने वाली लगभग दो दर्जन सवारियां बस में चढ़ने से वंचित रह गईं। इसको लेकर ग्रामीणों ने बस को बस अड्डे पर ही रोक लिया। चालक व परिचालक को जमकर खरी-खोटी सुनाई।

इस दौरान ग्रामीणों ने परिवहन विभाग के खिलाफ भी कड़ी नाराजगी जाहिर की।शाहबाद से साढौरा जाने वाली यह मिनी बस जैसे ही गांव तंदवाल में पहुंची तो उसमें पहले से ही क्षमता से अधिक सवारियां भरी हुई थी। बस में लोग न केवल खड़े थे बल्कि दरवाजों और सीढ़ियों तक पर भी लटके हुए थे । ऐसे में जब बस गांव तंदवाल के बस अड्डे पर पहुंची तो वहां पर बस के इंतजार में खड़ी लगभग दो दर्जन सवारियों को बस में चढ़ने का अवसर नहीं मिल पाया। हालांकि कुछ सवारियां जैसे तैसे कर बस में सवार हो गयी लेकिन बाकी नीचे ही रह गयी। यह देख मौके पर खड़े ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने बस को रोककर विरोध किया। परिवहन विभाग के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों का कहना था कि इस मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग यात्रा करते हैं लेकिन मिनी बस की सीमित क्षमता यात्रियों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाती। उन्होंने बताया कि वे पहले भी इस रूट पर मिनी बस सेवा का विरोध कर चुके हैं लेकिन इस समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया है।

### लंबे रूट पर मिनी बस का औचित्य नहीं

बता दे कि /"शाहबाद से साढौरा तक का सफर लंबा है। इसमें रास्ते मे कई गांव पड़ते हैं। इस रूट पर हमेशा बसों में भीड़ बनी रहती है। मिनी बस में न तो ठीक से बैठने की जगह होती है। न ही खड़े होने की। ऐसे में रोजाना यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है।/" ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मिनी बस सेवा को तुरंत बंद कर उसकी जगह बड़ी बस चलाई जाए जिससे सभी यात्रियों को बैठने की सुविधा मिल सके और यात्रा सुरक्षित व सुगम बन सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि परिवहन विभाग ने शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं की तो वे आगे इस सेवा का विरोध करेंगे।


**नारायणगढ़।** योग संस्थान के स्थापना दिवस पर सम्मानित करते पूर्व विधायक व अन्य।

## भारतीय योग संस्थान स्थापना दिवस पर लोगों को किया सम्मानित

- संस्थान के जोन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि स्थापना दिवस हर वर्ष 11 जून को पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

भारतीय योग संस्थान का स्थापना दिवस आहलूवालिया धर्मशाला में बड़े ही हर्षोल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इसमे डॉ. पवन सैनी पूर्व विधायक ने मुख्यातिथि के तौर पर सिरकत की। इस अवसर पर अनेकों गणमान्य अतिथियों और योग साधकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। संस्थान के जोन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि यह स्थापना दिवस हर वर्ष 11 जून को पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी का स्वागत अंबाला से पधारे भारतीय योग संस्थान के कृष्ण जिला प्रधान सुरेंद्र अरोड़ा और उप प्रधान रामनाथ कपूर ने पारंपरिक पटका पहनाकर किया। इस अवसर पर संस्थान के समस्त सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. पवन सैनी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। ब्रह्मकुमारी आश्रम से आई बहनों हरदीप, अंजली, प्रीति, आंचल को भी पटका पहनाकर सम्मान प्रदान किया गया। जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में विगत दिवस विभिन्न आयु वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले योग साधक सुरेश सचदेवा, कनिका अग्रवाल और संजय धीमान को भी मंच पर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सामाजिक कार्यों के लिए मनोज वालिया, अंशुल वालिया और राजेश वर्मा को भी सम्मानित किया गया।

### ये हुए सम्मानित

*संस्थान के केंद्र प्रमुख राजेश शर्मा, वरिष्ठ योग साधक रामनाथ धीमान, रामप्रसाद धीमान, वीरेंद्र वालिया और कृष्ण लाल आढ़ती को भी उनके योगदान के लिए पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। अहलूवालिया सभा के प्रधान मुकेश वालिया और मुख्य अतिथि डॉ. पवन सैनी ने संस्थान की निःशुल्क योग सेवाओं के लिए संजय धीमान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।*

## ज्येष्ठ की पूर्णिमा पर सत्यनारायण कथा व हवन यज्ञ का हुआ आयोजन

- भगवान विष्णु के भक्तों के लिए पवित्र दिन है ज्येष्ठ पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** हवन यज्ञ में आहुतियां डालते भक्त।

भगवान परशुराम मंदिर, पीपली बाज़ार अंबाला शहर में ज़िला ब्राह्मण सभा, द्वारा ज्येष्ठ पूर्णिमा मनायी गई। इस अवसर पर पंडित पंकज डिमरी ने सभी भक्तों को भगवान सत्यनारायण की कथा सुनाई। कथा के दौरान पंडित पंकज डिमरी ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा भगवान विष्णु के भक्तों के लिए सबसे शुभ और पवित्र दिनों में से एक है। यह दिन श्री हरि भक्तों के बीच बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह दिन हिंदू धर्म में पवित्र दिनों में से एक माना जाता है।

इस शुभ दिन पर, भक्त व्रत रखते हैं और भगवान सत्यनारायण के रूप में भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। माना जाता है कि इससे दैवीय सुरक्षा और धन की प्राप्ति होती है। भक्त गंगा में पवित्र स्नान करते हैं, मंदिरों में जाते हैं। सत्यनारायण की कथा के बाद सभी ने हवन यज्ञ किया तथा कथा का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सभा के चेयरमैन देवेंद्र शर्मा, महेश दत्त वशिष्ठ, जुगल किशोर शर्मा, लता, सुमन, मधु, सुमन जयवन्ती, शांति, अनु, वीरांवाली, सरिता, रानी, गीता एवं कविता आदि उपस्थित रहे।

### डेंगू के लारवा की जांच के लिए मैदान में उतरे कर्मचारी

**शहजादपुर।** डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए मानसून से पहले ही स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। शहरी क्षेत्र में डेंगू के लार्वा की जांच के लिए मंगलवार को विभाग ने 50 ब्रीडिंग चेकर को फील्ड में उतारा। उन्होंने अलग-अलग गली-मोहल्लों में जाकर घरों में जमा पानी के लिए जांचा। पानी की टंकी से लेकर गमलों व छत पर एकत्रित किए सामान को देखा कि कहीं जमा पानी की लारवा को नहीं पनप रहा। इतना ही नहीं नगर परिषद की तरफ से भी अंबाला कैंट में फॉगिंग शुरू की जा चुकी है। मच्छरों की फौज पर प्रहार करने के लिए परिषद के कर्मचारी अलसुबह ही गली-मोहल्लों में जाकर फॉगिंग कर रहे हैं। अलग-अलग वार्ड का शेड्यूल बनाया है।

## ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन का आदि निशान साहिब विधिवत रूप से स्थापित

- संत रामेश्वर दास मिश्रा को आयोजकों की ओर से किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


**बराड़ा।** मुख्य अतिथि संत रामेश्वर दास मिश्रा को सिरोपा पहनाकर सम्मानित करते पदाधिकारी।

गांव अधोया (हिंदूवान) स्थित सतगुरु रविदास मंदिर में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता मंदिर कमेटी के प्रधान माया राम ने की। कार्यक्रम में ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन का 'आदि निशान साहिब' विधिवत रूप से स्थापित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य अतिथि संत रामेश्वर दास मिश्रा ने शिरकत की। संत दातू राम (मलिकपुर), संत पृथ्वीराज मस्ताना (दोसड़का), संत नसीब राम (बराड़ा), महासचिव शिव कुमार रौंटा, रणजीत आहलूवाला, की अगुवाई में 'आदि निशान साहिब' की स्थापना की गई। मुख्य अतिथि संत रामेश्वर दास ने इस दौरान उपस्थित साध-संगत को ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन के इतिहास और उद्देश्य की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाबा मंगू राम मंगूवालिया ने 11-12 जून 1926 को 6743 जातियों को एकत्रित कर 'आदि धर्म मंडल' की स्थापना की थी। बाबू बंता राम घेडा ने 1964 में सतगुरु रविदास जन्मस्थली, सीर गोवर्धनपुर तथा 1983 में प्रचारक सोहन लाल के साथ मिलकर खुरालगढ़ साहिब और अन्य कई धार्मिक स्थलों की खोज की थी।

## खगोल विज्ञान ओलंपियाड ओरिएंटेशन कम सिलेक्शन कैंप का आयोजन



**मोहाली।** राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के माध्यम से चुने गए प्रतिभाशाली छात्रों को प्रशिक्षित करने और उनका मूल्यांकन करने के उद्देश्य से आईआईएसईआर मोहाली में खगोल विज्ञान ओलंपियाड ओरिएंटेशन कम सिलेक्शन कैंप (ओसीएससी) 2025 आयोजित किया गया। भारतीय राष्ट्रीय खगोल विज्ञान ओलंपियाड के माध्यम से चुने गए इन छात्रों ने दो समूहों में लगभग 500 प्रतिभागियों में से शीर्ष प्रदर्शन करने वालों का प्रतिनिधित्व किया: ग्रुप ए (कक्षा 12) और ग्रुप बी (कक्षा 10 या 11), जिनका चयन रैंक और विषय वरीयता के आधार पर किया गया। शिविर के लिए चुने गए 54 छात्रों में से भारत के विभिन्न हिस्सों से 37 ने ओसीएससी में भाग लिया। गहन प्रशिक्षण और मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद, अगस्त में मुंबई में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी ओलंपियाड 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पांच छात्रों की एक अंतिम टीम का चयन किया गया। ओसीएससी में व्याख्यान, ट्यूटोरियल, दूरबीन संचालन सत्र और आकाश अवलोकन गतिविधियां शामिल थीं। हालांकि शिविर आमतौर पर होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र (एचबीसीएसई-टीआईएफआर) द्वारा आयोजित किया जाता है।

## छात्रों को चार नए कोर्स में मिलेगा दाखिला अब 16 तक कर पाएंगे ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

राजकीय महाविद्यालय में इस सत्र से विद्यार्थी चार नए कोर्स पढ़ेंगे। कॉलेज में स्नातक स्तर पर बीए, बीकॉम, बीसीए, बीबीए, बीए मेजर विद इंग्लिश कोर्स सहित अन्य में आवेदन मांगे जा रहे हैं। कॉलेज में इस शैक्षणिक सत्र से स्नातक में बीबीए, बीए मेजर विद अंग्रेजी और स्नातकोत्तर में एमएससी कंप्यूटर साइंस और एमए राजनीति शास्त्र जैसे कोर्स प्रारंभ होंगे। इसके साथ ही बीए और बीकॉम जैसे परंपरागत कोर्स में भी अभ्यर्थियों का रुझान देखने को मिल रहा है। जिले के सभी अभ्यर्थी अब 16 जून तक कॉलेजों में ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने तारीख बढ़ा दी है। कॉलेज में पहले सीट की संख्या कम थी। अब नए कोर्स जुड़ने से सीट की संख्या में बढ़ोतरी हो गई है। इस बार स्नातक स्तर पर 6 कोर्स में 1030 सीट पर दाखिला किया जाएगा। दाखिले के लिए नए कोर्स जुड़ने से अभ्यर्थी भी आवेदन के लिए पहुंच रहे हैं। साथ ही अभ्यर्थियों के फार्म भी सत्यापित किए जा रहे हैं।

**स्नातक में इन कोर्स में होंगे दाखिला**

| कोर्स | सीट |
|---|---|
| बीए | 450 |
| बीकॉम | 240 |
| बीए विद मेजर इन अंग्रेजी | 40 |
| बीबीए | 80 |
| बीसीए | 80 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 140 |

### चार नए कोर्स होगें शुरू

*कॉलेज में इस बार चार नए कोर्स शुरू होंगे। स्नातक स्तर पर दो नए कोर्स में आवेदन मांगे जा रहे हैं। सभी कोर्स में सीट के मुकाबले आवेदन पहुंच रहे हैं। अभ्यर्थियों में दाखिले को लेकर काफी रुझान है।*
*-डॉ. खुशीला, प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय*



## चंडीगढ़ पोस्ट ऑफिस में इंटरनेशनल पार्सल के लिए ऑन-स्पॉट कस्टम्स क्लीयरेंस शुरू

**चंडीगढ़।** डाक विभाग अभिनव समाधान पेश करके और उन्नत तकनीकों को अपनाकर अपनी सेवा क्षमताओं का विस्तार कर रहा है, जिससे देश के हर कोने तक इसकी पहुंच बढ़ रही है। अपने वैश्विक सेवा नेटवर्क के हिस्से के रूप में, अंतर्राष्ट्रीय पार्सल डिलीवरी वर्तमान में दुनिया भर के 219 देशों और क्षेत्रों में उपलब्ध है। विभिन्न सरकारी विभागों के साथ साझेदारी को मजबूत करने और परिचालन दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, सेक्टर-17 स्थित चंडीगढ़ जनरल पोस्ट ऑफिस (जीपीओ) ने बुक किए गए अंतर्राष्ट्रीय पार्सलों के लिए ऑन-स्पॉट कस्टम्स क्लीयरेंस की सुविधा शुरू की है। अब तक यह प्रक्रिया नई दिल्ली के माध्यम से होती थी, जिससे अक्सर विलंब होता था। लेकिन अब चंडीगढ़ जीपीओ में विदेशी डाकघर की स्थापना के साथ, क्लीयरेंस प्रक्रिया तेज, सरल और अधिक सुविधाजनक हो गई है, जिससे त्वरित वितरण और बेहतर ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित होती है।


**नारायणगढ़।** विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में योग की रिहर्सल करते साधक।

### योग दिवस के उपलक्ष्य में साधकों ने की रिहर्सल

**नारायणगढ़।** नागरिक अस्पताल में एसएमओ डॉक्टर प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में विश्व योग दिवस 21 जून के उपलक्ष में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में काफी संख्या में योग साधकों ने लाभ उठाया। जिसमें योग सहायक मोहित, नरेंद्र व मनोज कुमार औषध कारक आयुष विभाग ने विभिन्न योगासनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया व योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभ से अवगत कराया। योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है जिससे योग आसन शारीरिक लचीलापन और मजबूती बढ़ाते हैं। योग के नियमित अभ्यास से वजन नियंत्रित करने में मदद मिलती है। योग कई बीमारियों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग से बचाव में मदद करता है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी योग लाभदायक है। योग से तनाव, चिंता कम होती है एकाग्रता, स्मृति व नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है।

## नागरिक अस्पताल में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में की गई योग की रिहर्सल

# फिट रहने के लिए योग को करें अपने जीवन में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** योग करते साधक।

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. मनीष बंसल ने कहा कि योग हमारी प्राचीन पद्धति है। योग को हम अपनी दिनचर्या में शामिल करके अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। योग करके हम अनावश्यक बीमारियों के साथ-साथ तनाव से भी बच सकते हैं। निदेशक डॉ. मनीष बंसल ने यह अभिव्यक्ति बुधवार को नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत आयोजित सामान्य योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यशाला में बतौर मुख्यअतिथि अपने संबोधन में कहीं। इससे पहले निदेशक डॉ. मनीष बंसल, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व विधानसभा संयोजक रितेश गोयल का यहां पहुंचने पर सिविल सर्जन डॉ राकेश सहल ने पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर आयुष विभाग से आए योग प्रशिक्षकों ने योग की विभिन्न क्रियाएं करवाते हुए योग की महत्वता बारे लोगों को जागरूक करने का काम किया हैं। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. मनीष बंसल ने इस मौके पर बताया कि 21 जून को सारे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाता हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज पूरे प्रदेश के नागरिक अस्पतालों में प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से कार्यक्रम किया गया हैं। जिसमें स्वास्थ्य कर्मी, सिविलियन के साथ-साथ अन्य ने शामिल होकर कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया हैं। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि योग हमारी वेव ऑफ लाइफ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में योग की महत्वता बारे जागरूकता बढ़ी है।

### मरीजों की सुविधाओं का लिया जायजा

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने भी योग की महत्वता बारे बताया कि योग करके हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग हैं। निदेशक मनीष बंसल ने कार्यक्रम के उपरान्त नागरिक अस्पताल शहर में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सामान्य वार्ड, एनसीआर वार्ड, कन्विक्ट वार्ड, जन औषधि केंद्र, आपातकालीन वार्ड, आईसीओ, सीटी स्कैन का जायजा लिया। यहां पर मरीजों की दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं पर संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने यह भी कहा कि हमें मरीजों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध करवानी हैं। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शशिकांत शर्मा, पीएमओ डॉ. रेनू बेरी पजनी, डीएमएस डॉ. पवनीश अग्रवाल, डॉ. हितार्थ, आरएमओ डॉ. अदिति गौतम, डॉ. विजय वर्मा, डॉ. सुनील हरी, योग प्रशिक्षक विशाल वर्मा, शैफाली, गुरविंद्र सिंह मानकपुर भी मौजूद रहे।